# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 26.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का हालचाल लिया। मौके पर राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से इलाज की जानकारी ली और शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

**********************

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने अपने झारखंड दौरे के दूसरे दिन रांची के झिरी स्थित सीबीजी प्लांट का निरीक्षण किया। इस मौके पर मंत्री ने प्लांट के संचालन की समीक्षा करते हुए इसे पूरी क्षमता के साथ चलाने और उर्वरक उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पदाधिकारियों से अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी तरीके से लागू करने पर जोर दिया।

**********************

मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता के लिए आज रांची में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। पर्यटन एवं खेलकूद मंत्री सुदिव्य कुमार की उपस्थिति में मोरहाबादी मैदान से दौड़ की शुरुआत हुई, जो अल्बर्ट एक्का चौक पर समाप्त हुई। इस अवसर पर मंत्री ने युवाओं से नशा से दूर रहने और नशा मुक्त झारखंड बनाने का संकल्प लेने की अपील की। गौरतलब है कि इस अभियान के तहत पिछले 14 दिनों से पूरे झारखंड में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे थे।

**********************

मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जनजागरूकता के तहत चतरा में भी आज थीम आधारित मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मौके पर उपायुक्त कीर्तिश्री और पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने नशा मुक्त समाज की अपील करते हुए इस तरह के आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया।

**********************

इधर जामताड़ा जिले के विभिन्न स्कूलों में मादक पदार्थों के दुष्परिणामों की जानकारी देकर छात्र–छात्राओं को जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा डीएवी विद्यालय में जागरूकता शिविर और मैराथन दौड़ का आयोजन कर बच्चों और अभिभावकों को नशा से दूर रहने का संदेश दिया गया।

**********************

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत रांची के निशांत कुमार ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने विभाग से 40 प्रतिशत अनुदान प्राप्त कर बायोफ्लॉक्स, आरएएस और तालाब का निर्माण कर उन्नत प्रजाति की मछलियों का उत्पादन शुरू किया। निशांत कुमार ने जानकारी दी कि हर वर्ष वे लगभग 200 टन मछली का उत्पादन कर रहे हैं।

**********************

उपराजधानी दुमका में हूल दिवस के अवसर पर आज से हूल पदयात्रा की शुरुआत हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्ग के लोग शामिल हुए। सिदो–कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण और संताल विद्रोह के नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर पदयात्रा दुमका से भोगनाडीह के लिए रवाना हुई। जामा विधायक लुईस मरांडी ने इसे आदिवासी अस्मिता और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बताया। 30 जून को भोगनाडीह में समापन समारोह आयोजित किया जाएगा।

**********************

जमशेदपुर के कदमा स्थित इस्कॉन से पहली बार 27 जून को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की रथ यात्रा निकाली जाएगी।

**<u>**********************</u>**

मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है। इसके प्रभाव से अगले कुछ दिनों तक झारखंड में भारी बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

**<u>********समाप्त**************</u>**